5.	कार्यानुभव में शीर्ष व्यक्तियों के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम	22 से 25 जनवरी, 1990	शिक्षा निदेशालय लखनऊ, उत्तर प्रदेश	45

परामर्श सेवाएं

देश में शिक्षा व्यावसायीकरण और कार्यानुभव को मज़बूत करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों में शि.व्या.वि. के पास उपलब्ध विशेषज्ञता का उपयोग के.शै.मा.बो. खुला विद्यालय, नवोदय विद्यालय, स्वैच्छिक संगठनों आदि द्वारा अक्सर किया जाता है। इनमें कुछ इस प्रकार हैं :

— जिला व्यावसायिक सर्वेक्षण आयोजित करने के लिए राज्य शै.अ.प्र.प. राजस्थान, उदयपुर, शिक्षा निदेशालय,उत्तर प्रदेश को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।
— रेलवे व्यावसायिक पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या के विकास में रेल मंत्रालय और के. मा. शि.बो. को सहायता प्रदान की तथा सामान्य आधार पाठ्यक्रम (कक्षा-12) और रेलवे व्यावसायिक पाठ्यक्रम (कक्षा-12) की पाठ्यपुस्तकों के विकास संबंधी कार्य में सहयोग दिया।
— सी.ई.ई.आर.आई. पिलानी, राजस्थान द्वारा संचालित प्रौढ़ साक्षरता और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के मूल्यांकन में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की सहायता की और इसके संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत की।
— व्यावसायिक कार्यक्रमों के मूल्यांकन और ग्रामीण औद्योगीकरण संघ (एस.आई.आई.) राँची द्वारा प्राप्त वित्तीय सहायता के उपयोग के मूल्यांकन में मा.सं.वि.मं. को सहयोग दिया और रिपोर्ट प्रस्तुत की।

मूल्यांकन अध्ययन

शि.व्या.वि. पहले से ही कई राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों द्वारा आरम्भ किए जा रहे शिक्षा व्यावसायीकरण कार्यक्रमों की संख्या और त्रुटियों का पता लगाने के लिए तत्काल-अध्ययन का कार्य कर रहा है। इस कार्यकलाप के क्रम में विभाग ने माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायीकरण की केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के कार्यान्वियन का महाराष्ट्र राज्य में 13 नवम्बर से 3 दिसम्बर, 1990 और कर्नाटक राज्य में 3 से 9 दिसम्बर, 1990 तक तत्काल गहन अध्ययन किया।

विभाग ने 1990-91 में उड़ीसा और तमिलनाडु राज्यों में केन्द्र द्वारा प्रायोजित माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायीकरण योजना के कार्यान्वियन में तुरन्त मूल्यांकन भी किया।

शि.व्या.वि. ने पहले राजस्थान,उत्तर-प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, गोआ, गुजरात, हरियाणा राज्यों और दिल्ली संघ शासित क्षेत्र में किए गए तुरन्त मूल्यांकन की रिपोर्ट को प्रकाशित करवाया। इस रिपोर्ट को संबंधित सरकारों, योजना आयोग और मा.स.वि.म. के विभागों को उनके अवलोकन तथा शिक्षा व्यावसायीकरण के कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वियन के लिए उचित उपाय करने हेतु भेजा गया।

प्रकाशन

निम्नलिखित सामग्री प्रकाशित की गई :

1. वोकेशनलाइजेशन ऑफ एजूकेशन एचिवमेन्ट इन दी सेवेन्थ फाइव इयर प्लॉन—ए रिपोर्ट ऑफ नेशनल सेमिनार ऑन वोकेशनलाइजेशन ऑफ एजूकेशन, एन.सी.ई.आर.टी. न्यू दिल्ली
2. गाईडलाइंस फॉर दा इस्टेब्लिशमेंट ऑफ करीक्यलूम डेवेलपमेंट सेंटर एण्ड डेवलपमेंटऑफ करीकूलम एण्ड इन्सट्रक्शनल मैटीरियल—वोकेशनल एजूकेशन प्रोग्राम
3. गाइडलाइंस फॉर इवैल्यूएटिंग दी इम्पलिमेन्टेशन ऑफ वोकेशनल करीक्यूलम।
4. एप्रोजल ऑफ दी इम्पलीमेन्टेशन ऑफ सेन्ट्रलीस्पोन्सर स्कीम ऑफ वोकेशनलाइजेशन ऑफ सैकेण्डरी एजूकेशन-गोआ
5. क्विक एप्रेजल ऑफ दी इम्पलीमेन्टेशन ऑफ सेन्ट्रली स्पोंसर्ड स्कीम ऑफ दी वोकेशनलाइजेशन ऑफ सैकेण्डरी एजूकेशन-गुजरात
6. क्विक एप्रेजल ऑफ दी इम्पलीमेन्टेशन ऑफ सेन्ट्रली स्पोंसर्ड स्कीम ऑफ दी वोकेशनलाइजेशन ऑफ सैकेण्डरी एजूकेशन-हरियाणा
7. क्विक एप्रेजल ऑफ दी इम्पलीमेन्टेशन ऑफ सेन्ट्रली स्पोंसर्ड स्कीम ऑफ दी वोकेशनलाइजेशन ऑफ सैकेण्डरी एजूकेशन-राजस्थान
8. क्विक एप्रेजल ऑफ दी इम्पलीमेन्टेशन ऑफ सेन्ट्रली स्पोंसर्ड स्कीम ऑफ दी वोकेशनलाइजेशन ऑफ सैकेण्डरी एजूकेशन-उत्तर प्रदेश
9. क्विक एप्रेजल ऑफ दी इम्पलीमेन्टेशन ऑफ सेन्ट्रली स्पोंसर्ड स्कीम ऑफ दी वोकेशनलाइजेशन ऑफ सैकेण्डरी एजूकेशन-हिमाचल प्रदेश
10. क्विक एप्रेजल ऑफ दी इम्पलीमेन्टेशन ऑफ सेन्ट्रली स्पोंसर्ड स्कीम ऑफ दी वोकेशनलाइजेशन ऑफ सैकेण्डरी एजूकेशन-दिल्ली

1990-91

आठ

शैक्षिक प्रौद्योगिकी

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् का एक प्रमुख कार्य शिक्षा की वैकल्पिक-पद्धतियों के विकास तथा देश में शिक्षा के सुधार और प्रसार के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से जनसंचार के प्रयोग को बढ़ावा देना है। केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी, संस्थान (के.शै.प्रौ.सं.) मुख्यतः शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुरूप साफटवेयर का विकास करता है, शैक्षिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशिक्षण देता है तथा शैक्षिक प्रौद्योगिकी में शोध, पद्धतियों तथा सामग्री का मूल्यांकन आदि कार्यक्रम आयोजित करता है। यह शैक्षिक, माध्यम और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रसार परामर्श एवं सूचना प्रदान करता है।

के.शै.प्रौ.सं. राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (रा.शै.प्रौ.स) के कार्यकलापों में भी सहयोग देता है और उन्हें कार्यक्रम एवं तकनीकी सहायता प्रदान करता है।

वर्ष के दौरान के शै.प्रौ.सं. का प्रमुख कार्य विकलांग बच्चों और बालिकाओं के लिए सामग्री निर्मित करना, नवोदय विद्यालयों की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करना और आपरेशन ब्लैकबोर्ड को मीडिया सहायता प्रदान करना रहा है।

संयुक्त निदेशक के.शै.प्रौ.सं. अध्यक्ष हैं, सात प्रभागों: शैक्षिक दूरदर्शन प्रभाग, (शै.दू.प्र.) दूरस्थ शिक्षा योजना, योजनासमन्वयन, अनुसंधान और मूल्यांकन, आलेखन एवं प्रशिक्षण प्रभाग, शैक्षिक रेडियो प्रभाग, आलेखिकी, प्रदर्शनी, फोटो और फिल्म प्रभाग, सूचना और प्रलेखन प्रभाग तकनीकी प्रयोजन, प्रचालन तथा अनुरक्षण प्रभाग और प्रशासन तथा लेखा प्रभाग इत्यादि के माध्यम से कार्य करता है।

1990-91 में शैक्षिक दूरदर्शन प्रभाग ने आपरेशन ब्लैकबोर्ड के अन्तर्गत अध्यापक प्रशिक्षण के क्षेत्र में शैक्षिक दूरदर्शन सॉफटवेयर के निमार्ण और योग अध्यापन में नवोदय विद्यालय को मीडिया सहयोग प्रदान करने पर विशेष बल दिया। दूरस्थ शिक्षा योजना, समन्वयन, अनुसंधान और मूल्यांकन, आलेख एवं प्रशिक्षण प्रभाग ने जिला शै.प्रौ.सं. के कार्मिकों को प्रशिक्षण देने, इन्सेट राज्यों में शैक्षिक दूरदर्शन के उपयोग की जाँच करने और शैक्षिक दूरदर्शन और रेडियो प्रयोगकर्ता अध्यापकों के लिए स्वयं अनुदेशी मैनुअल के विकास में विशेष ध्यान दिया। शैक्षिक रेडियो प्रभाग ने सामान्यतः "लिंग समानता" और "विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों विशेषकर शिक्षा योग्य मानसिक रूप से विकलांग बच्चों" के क्षेत्र के कार्यक्रमों पर कार्य किया। आलेखिकी, प्रदर्शनी, फोटो एवं फिल्म प्रभाग ने "लैंड एण्ड पीपल्स" श्रृंखला के अन्तर्गत दो फिल्में पूरी कीं। सूचना और प्रलेखन विभाग ने शैक्षिक मीडिया के संस्थानों का एककोश तैयार करने के लिए देश भर के संस्थानों से बड़ी संख्या में संस्थानों से मूल सूचना एकत्रित करने पर कार्य किया। तकनीकी प्रयोजन,

प्रचालन और अनुरक्षण विभाग में दूसरा दूरदर्शन स्टूडियो चलाया गया (जिसमें कंप्यूटर नियंत्रित दूरदर्शन स्टूडियो कैमरा तथा संबंधित उपस्कर एवं मोटरकृत दूरस्थ नियंत्रत परिष्कृत प्रकाश व्यवस्था है) हाई बैंड एवं लो-बैंड वीडियो टेप की यू-मैटिका रिकार्डिंग सुविधा और स्टूडियो की सर्विसिंग भी चालू रखी गई।

अनुसंधान/मूल्यांकन कार्यकलाप

वर्ष के दौरान निम्नलिखित अध्ययन किए गए :

1. *उड़ीसा में शैक्षिक दूरदर्शन के उपयोग के बारे में अध्ययन*

उड़ीसा के चार इन्सेट जिलों वोलंगीर, धैनकानल और सम्बलपुर में फैले 11 चयनित जिलों के 235 दूरदर्शन विद्यालयों में किए गए एक अध्ययन से पता लगा है कि बच्चे और उनके अध्यापक शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रमों को बड़े उत्साह से ग्रहण करते थे परन्तु शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रम केवल 57% दूरदर्शन विद्यालयों के बच्चे ही देख पाते थे। टी.वी.सेटों के उपयोग न होने के दो मुख्य कारण हैं:

- टी. वी. सेटों का खराब होना
- असंयोजन एवं बिजली की अनियमित आपूर्ति

एक अन्य अध्ययन से पता चला है कि प्रसारण-समय की जानकारी न होने के कारण बड़ी संख्या में विद्यालयों में टी.वी. माध्यम का उपयोग नहीं हो पाता।

2. *बिहार में शैक्षिक दूरदर्शन के बारे में अध्ययन*

इस अध्ययन से पता तला है कि केवल एक तिहाई टी.वी. सेट सही चल रहे हैं। बड़ी संख्या में टी.वी. सेटों (59%) को किसी न किसी कारण से विद्यालय परिसर से हटा दिया गया। बिहार में दूरदर्शन विद्यालयों को टी.वी. सेट की सुरक्षा और बिजली की आपूर्ति की अनियमितता जैसी दो मुख्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

3. *आन्ध्र प्रदेश में शैक्षिक दूरदर्शन के उपयोग पर एक अध्ययन*

आन्ध्र प्रदेश के इन्सैट जिलों में किए गए सर्वेक्षण से पता चला है कि शैक्षिक दूरदर्शन विद्यालयों में बिजली की आपूर्ति की स्थिति संतोषजनक नहीं है। तथापि 65% दूरदर्शन विद्यालयों को एन्टीना उपलब्ध न होने के कारण मीडिया के उपयोग में बड़ी बाधा पड़ रही है।

4. *बच्चों की सामान्य जानकारी का अध्ययन*

के.शै.प्रौ.सं. ने कुछ विशेष विषयों जिन पर शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रम प्रसारित हो चुका है, के संबंध में बच्चों की सामान्य जानकारी के स्तर का पता लगाने के लिए एक अध्ययन किया। नौ परीक्षणों की एक श्रृंखला को मध्यप्रदेश के होशंगाबाद जिले के सात गाँवों के 150 ग्रामीण बच्चों पर नमूने के तौर पर जाँच की गई। इन जाँचों से पता लगा है कि बच्चों में कुछ चयनित क्षेत्रों जैसे पशु-पक्षियों, राष्ट्रीय नेताओं आदि को पहचानने की क्षमता है। आलेखों के पढ़ने में बच्चों की दक्षता से पता लगा है कि निम्न स्तर पर बच्चे शीर्षकों और अन्य दृश्य सामग्री को पढ़ने में असमर्थ हैं, परन्तु अनुभव होने पर वर्ग-5 पर वे शीर्षकों को अच्छी तरह पढ़ते एवं समझते हैं।

5. *कॉमिक्स और कॉमिक दूरदर्शन धारावाहिकों के प्रभावों पर एक अध्ययन*

इस अध्ययन से पता लगा है कि बच्चों को चित्रात्मक और सजीव प्रस्तुतीकरण की वजह से कॉमिक्स पुस्तकें और कार्टून दूरदर्शन श्रृंखला बहुत प्रिय हैं। बच्चे उन जासूसी कॉमिक्स को पढ़ना/देखना बहुत पसन्द करते हैं, जिनमें शास्त्रीय, ऐतिहासिक लोक कथाएं हों। बड़ी उम्र के व्यक्तियों का विचार है कि कॉमिक्स मनोरंजन के

साथ-साथ बच्चों के लिए ज्ञानवर्द्धक और संदेशप्रद है।

6. *भारत की सर्वसामान्य सांस्कृतिक परम्पराओं पर श्रव्य श्रृंखला का मूल्यांकन*

भारत की सर्वसामान्य सांस्कृतिक परम्पराओं पर श्रृंखलाओं के मूल्यांकन पर एक अध्ययन के.शै.प्रौ.सं. ने आरम्भ किया। दिसम्बर 1990 में एक दिवसीय कार्यशाला में प्रश्नावली के मूल्यांकन और आँकड़ों को एकत्रित करनें की कार्यनीति बनाई गई। दिल्ली के तीन विद्यालयों को प्रश्नावली सहित 24 श्रव्य कार्यक्रम मूल्यांकन के लिए दिए गए। अध्ययन का कार्य अन्तिम स्तर पर है।

शैक्षिक सामग्री का मूल्यांकन

के.शै.प्रौ.सं. ने शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रमों सहित शैक्षिक सॉफटवेयर, श्रव्य कार्यक्रमों, फिल्मों, चार्टों और स्लाइडों और अन्य सामग्री का विकास करना निरन्तर जारी रखा।

बच्चों और अध्यापकों के लिए शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रम

इस वर्ष सैटेलाइट, इन्सेट-1 के लिए प्राथमिक स्तर के बच्चों और अध्यापकों को सम्बोधित 105 नये शैक्षिक दूरदर्शन कार्य निर्मित किए गए। इसमें नवोदय विद्यालय के सहयोग से योग में 20 कार्यक्रमों की एक श्रृंखला और ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड योजना के अन्तर्गत विभिन्न शीर्षकों पर अध्यापकों के लिए 15 कार्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है।

हिन्दी में 65 शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रमों को उड़ीसा में प्रसारण के लिए डब किया गया था इस प्रकार से 1984-85 से लेकर अब तक के.शै.प्रौ.सं. द्वारा निर्मित शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रमों की कुल संख्या 613 और अन्य भाषाओं में रूपान्तरण की संख्या 869 हो गई।

के.शै.प्रौ.सं. और राज्य शै.प्रौ.सं. द्वारा निर्मित कार्यक्रमों को पाँच विभिन्न भाषाओं में इन्सैट-राज्यों: आन्ध्रप्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, उड़ीसा और उत्तरप्रदेश में सभी विद्यालय दिवसों को सोमवार से शनिवार तथा ग्रीष्मकालीन अवकाश में 3 घण्टे के लिए प्रसारित किया गया। इसके अतिरिक्त के.शै.प्रौ.सं. एवं राज्य शै.प्रौ.सं. लखनऊ और पटना द्वारा निर्मित शैक्षिक दूरदर्शन के हिन्दी रूपान्तरण को अन्य हिन्दी भाषी राज्यों जैसे हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश, पंजाब, राजस्थान और संघ शासित क्षेत्र चण्डीगढ़ में सभी उच्च पावर के ट्रांसमिशनों और निम्न पावर के ट्रांसमिशनों द्वारा पुनः प्रसारित किया गया। के.शै.प्रौ.सं. द्वारा निर्मित चयनित कार्यक्रमों को दिल्ली दूरदर्शन और दूरदर्शन के 150 ट्राँसमीटरों से नेटवर्क द्वारा प्रसारित किया गया। इन कार्यक्रमों को शाम की सभा में बच्चों के कार्यक्रम में दिखाया गया।

के.शै.प्रौ.सं. ने सैटेलाइट द्वारा ट्राँसमिशनों के लिए हिन्दी में 650 कैप्सूल और उड़िसा में 400 कैप्सूल तैयार किए।

के.शै.प्रौ.सं. ने रा.शि.सं. के सामाजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा विभाग, शिक्षा व्यावसायीकरण विभाग और विद्यालय-पूर्व एवं प्रारम्भिक शिक्षा विभाग के अनुरोध पर बाहरी निर्माताओं से आठ शीर्षकों पर वीडियो कार्यक्रम का निर्माण करवाया। इस अवधि में तीन शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रमों को पूरा किया गया।

श्रव्य कार्यक्रम

1990-91 में, पाँच विभिन्न शैक्षिक श्रृंखलाओं को सम्मिलित करके 84 नये श्रव्य कार्यक्रमों को निम्नानुसार निर्मित किया गया (लगभग 18 घंटे के कार्यक्रम)

1990-91

क्रमांक	*श्रृंखला का शीर्षक*	*लक्ष्य समूह*	*निर्मित शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रमों की संख्या*
1.	पण्डित जवाहर लाल नेहरू के पत्र-उनकी पुत्री के नाम	उच्चतर प्राथमिक	28
2.	लिंगों की समानता	उच्चतर प्राथमिक	20
3.	नवोदय विद्यालय और अन्य विद्यालयों की कक्षा-6 के बच्चों के लिए सामाजिक अध्ययन	उच्चतर प्राथमिक	16
4.	विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चे	प्राथमिक	20

विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए 10 श्रव्य कार्यक्रमों को मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के तीन संस्थानों में क्षेत्र परीक्षण किया गया। सामाजिक अध्ययन पर कक्षा 6 के बच्चों के लिए 8 श्रव्य कार्यक्रमों को नवोदय विद्यालयों में क्षेत्र परीक्षण के लिए भेजा गया।

शैक्षिक फिल्में

वेस्ट कौस्ट भाग-6 पर 16 मि.मी. की दो फिल्में (1) ग्रीन गोल्ड गुजरात कौस्ट और (11) प्राऊड सैन्टीनेल-कोन्कण पूरी की गई, भूगोल विषय पर "लैंड एण्ड पीपल" श्रृंखला को पूरा किया गया।

के.शै.प्रौ.सं. ने विभिन्न विषयों में 61 शैक्षिक फिल्में निर्मित कीं।

"लैंड एण्ड पीपल" श्रृंखला पर अनौपचारिक शिक्षा और फोटोग्राफी की तकनीकी पर निर्मित छः फिल्में पूर्णता के विभिन्न स्तरों पर हैं।

शैक्षिक चार्ट

1990-91 में कक्षा 11 और 12 की पाठ्यचर्या से संबंधित जीव-विज्ञान चार्ट विकसित करने के लिए कार्यकारी-दल की कई बैठकें आयोजित की गई। चार्ट तैयार करने का काम किया जा रहा है।

इससे पहले कक्षा 9 और 10 के लिए जीव विज्ञान के 22, भौतिक शास्त्र के 20 और भूगोल के 20 चार्टों का एक सेट तैयार किया गया। नवोदय विद्यालय समिति ने कक्षा 9 और 10 के लिए जीवविज्ञान के चार्टों को स्वीकार किया है। सभी नवोदय विद्यालयों को 2 सेट, प्रत्येक में 22 जीवविज्ञान चार्ट भेजे गए।

रंगीन स्लाइड

"लैंड, पीपल एंड मानूमेन्ट्स" श्रृंखला के अन्तर्गत राजस्थान, कूर्ग (कर्नाटक), नीलगिरी और अन्नामलाई पर्वत-श्रृंखला (तमिलनाडु) पर 1000 रंगीन स्लाइडें तैयार की गई। प्रत्येक वर्ग की स्लाइडों पर एक लेख भी तैयार किया गया। के.शै.प्रौ.सं. में विभिन्न राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के लोगों, वेशभूषा, भोजन की आदतों, भूखण्ड, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्मारकों पर एक दृश्य-बैंक विकसित करने का विचार है। कुछ जिला शैक्षिक प्रौद्योगिक संस्थानों ने इन फिल्मों को लेने में रुचि दिखाई है।

मुद्रित सामग्री

प्राथमिक स्तर के प्रयोगकर्ता अध्यापकों के लिए दो मैनुअल : एक कक्षा में टेलीविजन के प्रयोग के लिए और दूसरा रेडियों-एवं-कैसेट

1990-91

रिकार्डर और प्लेयर के लिए हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में विकसित किए गए। मा. सं.वि.मं. ने सुझाव दिया है कि इन मैनुअलों को देश के उन सभी विद्यालयों को वितरित किया जाए जहाँ शैक्षणिक प्रयोजन के लिए रंगीन टी.वी. सेट और आर.सी.सी. पी. उपलब्ध हैं।

कार्यशालाएँ/बैठकें

शैक्षिक दूरदर्शन के पाठ्यक्रम तैयार करने, शीर्षकों का विकास करने और विभिन्न क्षेत्रों में श्रव्य कार्यक्रमों को अन्तिम रूप देने, चार्ट तैयार करने, विभिन्न क्षेत्रों में कम लागत के शिक्षण साधनों के निर्माण, बी. एड और एम. एड. स्तर पर मॉडल पाठ्य विवरण तैयार करने जैसे विभिन्न विकासात्मक कार्यक्रमों के संबंध में पन्द्रह कार्यशालाएं/कार्यकारी समूह की बैठकें आयोजित की गईं। इनका विवरण तालिका 8.1 में दिया गया है।

तालिका 8.1

1990-91 में के.शै.प्रौ.सं. द्वारा आयोजित कार्यशालाएँ/कार्यकारी समूह की बैठकें

क्रमांक	*कार्यक्रमों के नाम*	*दिनांक*	*स्थान*	*प्रतिभागियों की संख्या*
1.	के. शै.प्रौ. सं. रा. शै. प्रो. सं. की समन्वयन समिति की बैठक	3 से 4 मई, 1990	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	26
2.	ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड कार्यक्रम के लिए शैक्षिक दूरदर्शन आलेखों के विकास के लिए कार्यशाला	8 मई, 1990	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	26
3.	कक्षा में टी.वी. और रेडियो के प्रयोग के लिए मैनुअल के हिन्दी रूपान्तर को प्रमाणिक बनाने के लिए कार्यशाला	6 जून, 1990	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	10
4.	शिक्षा योग्य मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए कार्यक्रम के विकास पर परामर्श समिति की बैठक	8 जून, 1990	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	12
5.	नवोदय विद्यालय और अन्य विद्यालयों के कक्षा-6 के बच्चों के लिए सामजिक अध्ययन पर आडियो कार्यक्रम के विकास पर बैठक	28 जून, 1990	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	16
6.	शैक्षिक प्रौद्योगिकी में डिप्लोपा पाठ्यक्रम के विकास के लिए कार्यकारी समूह की 10 बैठकें-प्रत्येक बैठक 2-3 दिन की।	जून, 1990 से नवम्बर, 1990	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	प्रत्येक बैठक में 5-10

क्रमांक	कार्यक्रमों के नाम	दिनांक	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
7.	लिंगों में समानता के क्षेत्र में कोर पाठ्यचर्या में ओडियो कार्यक्रमों के विकास पर कार्यशाला	18 से 20 जुलाई	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	12
8.	शिक्षा योग्य मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए कार्यक्रम के विकास पर कार्यशाला	22 से 24 अगस्त 1990	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	19
9.	कक्षा 11 और 12 की पाठ्यचर्या से संबंधित जीव विज्ञान चार्टों के विकास के लिए कार्यकारी समूह की 7 बैठकें-प्रत्येक बैठक एक दिन की	अगस्त 1990 से मार्च, 1991	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	प्रत्येक बैठक में 7-10
10.	कम लागत के शिक्षण साधनों के विकास पर कार्यशाला	11 से 15 सितम्बर 1990	राजघाट जे कृष्णामूर्ति शैक्षिक केन्द्र वाराणसी उ.प्र.	35
11.	बी.एड. और एम. एड. पाठ्यक्रमों के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी में मॉडल पाठ्यविवरणों के विकास पर कार्यशाला	18 से 22 सितम्बर 1990	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	17
12.	के.शै. प्रौ. सं. -रा. शै.प्रौ. सं. समन्वयन समिति की बैठक	23 से 24 अक्तूबर 1990	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	24
13.	सामाजिक अध्ययन में प्राथमिक स्तर के अध्यापकों के लिए शैक्षिक दूरदूर्शन आलेख के विकास के लिए कार्यशाला-2 बैठकें पाँच दिन की एक बैठक	18 से 22 दिसम्बर, 1990 20 से 26 मार्च, 1990	क्षे.शि.म. अजमेर, के.शै.प्रौ.सं. नई दिल्ली	9-10 प्रत्येक बैठक में
14.	शैक्षिक दूरदर्शन निर्माण करने के लिए कार्यक्रम को उन्नत करने के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला	28 जनवरी से 2 फरवरी 1991	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	35
15.	गणित में कम-लागत के शिक्षण साधनों पर मैनुअल को अन्तिम रूप देने के लिए कार्यकारी समूह की बैठक	28 जनवरी से 2 फरवरी, 1991 4-15 मार्च 1991	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	35 9

1990-91

प्रशिक्षण कार्यक्रम

के.शै.प्रौ.संस्थान ने रा.शै.प्रौ.सं., जि.शै.प्रौ.सं. के कार्मिकों, अध्यापक-शिक्षकों और अन्यों के लिए तकनीकी प्रचालन और अनुरक्षण, आलेख-लेखन, अनुसंधान विधियों और शैक्षिक प्रौद्योगिकी के नवीनीकरण तथा प्रयोग पर ग्यारह मार्गदर्शन/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रमों का विवरण तालिका 8.2 में दिया गया है।

तालिका 8.2

1990-91 में के.शै.प्रौ.सं. द्वारा आयोजित प्रशिक्षण / मार्गदर्शन कार्यक्रम

क्रमांक	*कार्यक्रमों के नाम*	*दिनांक*	*स्थान*	*प्रतिभागियों की संख्या*
1.	जि.शै.प्रौ.सं. के प्राध्यापकों (शै.प्रौ.) के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी में मार्गदर्शन कार्यक्रम	11 से 12 जून, 1990	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	14
2.	बी.ई.एल. बेंगलूर द्वारा भेजे गए वीडियो उपकरण (कैमरा चेन) के अनुरक्षण पर प्ररिक्षण पाठ्यक्रम	4से 3 जुलाई 1990	बी.ई.एल., बेंगलूर	8
3.	जि.शै.प्रौ.सं. के प्राध्यापकों (शै.प्रौ.) के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी में मार्गदर्शन कार्यक्रम	30 जुलाई से 10 अगस्त 1990	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	25
4.	ओडियो उपकरणों के अनुरक्षण पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	20 से 27 अगस्त, 1990	जी.सी.ई., बम्बई	5
5.	जी.सी.ई.एल. वडोदरा द्वारा भेजे गए वीडियो उपकरणों (ई.एन.जी., कैमरा और निम्न बैंड डी.टी.बी.सी.बी.सी. आर. आदि) के अनुरक्षण पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	15 से 27 सितम्बर, 1990	जी.सी.ई.एल., वडोदरा	5
6.	जी.सी.ई.एल. बडोदरा द्वारा भेजे गए वीडियो उपकरणों (ई.एन.जी., कैमरा और निम्न बैंड डी.टी.बी.सी.बी.सी.आर आदि) के अनुरक्षण पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	15 से 22 सितम्बर, 1990	जी.सी.ई.एल., बडोदरा	9
7.	बी.ई.एल. बेंगलूर द्वारा भेजे गए वीडियो उपकरण (विजन मिक्चर) पर तकनीकी प्रशिक्षण/अनुरक्षण पाठ्यक्रम	20 से 26 नवम्बर, 1990	बी.ई.एल., बेंगलूर	8

क्रमांक	कार्यक्रमों का शीर्षक	दिनांक	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
8.	विश्वविद्यालयों, प्रशिक्षण महाविद्यालयों और राज्य शै.अ.प्र. प. के अध्यापकों के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी में मार्गदर्शन कार्यक्रम	3 से 28 दिसम्बर, 1990	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	17
9.	शैक्षिक आलेख लेखन और ओडियो/रेडियो कार्यक्रमों के निर्माण के लिए समेकित प्रशिक्षण कार्यक्रम	21 जनवरी से 15 फरवरी 1991	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	32
10.	राज्य शै.प्रौ, संस्थान के अनुसंधान स्टाफ के लिए मीडिया में अनुसंधान और मूल्यांकन पर प्रशिक्षण	21 से 25 जनवरी 1991	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	11
11.	जिला शै, प्रौ. संस्थान के प्राध्यापक (शै. दू.) के लिए शैक्षिक दूरदर्शन में मार्गदर्शन पाठ्यक्रम	28 जनवरी से 15 फरवरी 1991	के.शै.प्रौ.सं., नई दिल्ली	28

विस्तार कार्यकलाप

इस वर्ष के.शै.प्रौ.सं. ने निम्नलिखित विस्तार कार्यक्रमों को आयोजन किया :

1. *गैर-प्रसारण विधि द्वारा भाषा शिक्षण*

के.शै.प्रौ.सं. ने जिला होशंगाबाद (मध्यप्रदेश) के 450 विद्यालयों में ओडियो टेप प्रयोग द्वारा प्राथमिक स्तर पर प्रथम भाषा के रूप में हिन्दी की अध्यापन परियोजना के विस्तार के लिए सहायता जारी रखी। यह परियोजना 1986-87 से आरम्भ की गई थी। विद्यालयों को रेडियो एवं कैसेट रिकार्डर और प्लेयर सहित 77 ओडियो कैसेटों का एक सेट दिया गया। 308 कार्यक्रमों वाले इस सेट को कक्षा-1 से आरम्भ करके तीन चरणों में विद्यालयों को वितरित किया गया । इस अवधि में जो इस परियोजना का अंतिम समय या इस परियोजना के कार्यान्वयन एवं प्रबंध पर एक सर्वेक्षण किया गया। बच्चों तथा अभिभावकों, दोनों में इसके प्रति उत्साहवर्द्धक रवैया नज़र आया।

2. *शैक्षिक फिल्में*

स्थानीय प्राधिकारियों के सहयोग से शैक्षिक फिल्मों की जाँच के दो कार्यक्रम 14 से 17 दिसम्बर, 1990 और 15 से 18 मार्च 1991 तक क्रमशः कावारत्ती (लक्षद्वीप) और शिलांग (मेघालय) में आयोजित किए गए। गहन पर्यवेक्षण सत्र में तीन हज़ार विद्यार्थियों और अध्यापको ने भाग लिया। इसका उद्देश्य अध्ययन-अध्यापन प्रक्रिया में संवर्द्धन सामग्री के साधन के रूप में शैक्षिक फिल्मों के प्रयोग को उन्नत करना और लोक प्रिय बनाना है।

3. *शैक्षिक प्रदर्शनी*

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के कार्यकलापों पर

1990-91

23 से 28 फरवरी, 1990 तक बच्चों के लिए एक राष्ट्रीय प्रदर्शनी लगाई गई। के.शै.प्रौ.सं. ने विभिन्न अवसरों पर इसी प्रकार की दो अन्य प्रदर्शनियाँ लगाईं।

4. *अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभागिता*

के.शै.प्रौ.सं. ने 11 से 14 नवम्बर, 1990 तक अमृतसर (पंजाब) में आयोजित विश्व पाठ्यक्रम अनुदेश परिषद् के तीसरे सम्मेलन (डब्ल्यू.सी.सी. आई.) में भाग लिया और "शैक्षिक दूरदर्शन के उपयोग-कुछ मूल समस्याएं" पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

प्रचार-प्रसार

के.शै.प्रौ.सं. ने शैक्षिक दूरदर्शन, शैक्षिक रेडियो और शैक्षिक फिल्मों पर अपनी सामग्री का प्रचार-प्रसार निरन्तर जारी रखा।

इसके अतिरिक्त, शैक्षिक प्रौद्योगिकी के नवीनतम विकास और कार्यकलापों के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए "एजूकेशनल मीडिया न्यूजलेटर" के दो अंक निकाले गए।

के.शै.प्रौ.सं. द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट/प्रतिवेदन

1. ए स्टडी ऑन ई.टी.वी. यूटिलाइजेशन इन उड़ीसा
2. ऑरिएन्टेशन कोर्स इन मीडिया रिसर्च-ए रिपोर्ट
3. ए स्टडी ऑन इफैक्टिव ऑफ कॉमिक्स टेलीविजन सीरियल ऑन चिल्ड्रन
4. ए मैनुअल ऑन मैथमेटिक्स टीचिंग ऐड
5. ए कैटालॉग विद समरिज ऑफ ऑडियो प्रोग्राम
6. ए डायेरेक्ट्री ऑफ दी इन्स्टीटयूट्स ऑफ एजूकेशनल मीडिया इन इण्डिया (ड्राफ्ट)
   यह सी.आई.ई.टी.,ई.टी.सेलों, टी.टी.आई., ए.वी.आर.सी.,ई.एम.आर.सी. और अन्य द्वारा एकत्र सूचना पर आधारित है।
7. ए मैनुअल ऑन यूजिंग टेलीविजन इन दी क्लासरूम (हिन्दी एण्ड इंगलिश)
8. ए मैनुअल ऑन यूजिंग रेडियो-कम-कैसेट रिकार्डर एण्ड प्लेयर इन क्लासरूम (हिन्दी एण्ड इंगलिश)

नौ अध्यापक शिक्षा, विशेष शिक्षा और विस्तार सेवाएँ

सेवा-पूर्व और सेवाकालीन अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों में गुणात्मक सुधार करना रा.शै.अ.प्र.प. का मुख्य कार्य रहा है। 1990-91 में प्रारम्भिक और माध्यमिक अध्यापकों के शिक्षा कार्यक्रमों में सुधार लाने के लिए अनुसंधान और विकास कार्य करना, अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या का विकास करना, अध्यापक-शिक्षकों, अध्यापक प्रशिक्षणार्थियों, और सेवारत अध्यापकों के प्रयोग के लिए अनुदेशी सामग्री का विकास करना, अध्यापक शिक्षा की पुनर्सरचना और पुनर्गठन की केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के कार्यान्वियन के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना और विकलांग बच्चों की संघटित शिक्षा को शैक्षणिक सहयोग शिक्षक-प्रशिक्षकों और सेवारत अध्यापकों को प्रशिक्षण/मार्गदर्शन, अध्यापक शिक्षा, विशेष शिक्षा और विस्तार सेवा विभाग के कुछ मुख्य कार्यकलाप रहे। अ.शि.वि.शि.से. विभाग ने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् को उनके कार्यकलापों के लिए शैक्षिक और प्रशासनिक समर्थन जारी रखा।

अनुसंधान और विकास कार्यक्रम

अ.शि.वि.शि.वि.से. विभाग "राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा संस्थान द्वारा तैयार की गई प्रारम्भिक और माध्यमिक अध्यापक शिक्षा-पाठ्यचर्या की रूपरेखा पर आधारित मार्गदर्शी सिद्धान्तों और पाठ्यविवरणों का विकास" परियोजना पर कार्य कर रहा है।

विभाग ने प्रारम्भिक और माध्यमिक स्तर के लिए अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या के विभिन्न घटकों में मार्गदर्शी सिद्धान्तों और पाठ्यविवरणों को पूरा कर लिया है। इस प्रयोजन के लिए अध्यापक प्रशिक्षण महाविद्यालयों/संस्थानों, राज्य शै.अ.प्र.प. और जिला शै.अ.प्र.प. के संकाय सदस्यों को शामिल करके विभिन्न क्षेत्रों में कार्यशालाएं आयोजित की गई। अध्ययन के जिन पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यचर्या मार्गदर्शी सिद्धान्त/पाठ्यक्रम रूपरेखा विकसित की गई उनमें निम्नलिखित पाठ्यक्रम सम्मिलित हैं :

1. बढ़ते भारत में शिक्षा
2. शैक्षिक मनोविज्ञान
3. स्तर-संगत विशेषज्ञता-अध्यापक कार्य
4. प्रथम भाषा के रूप में हिन्दी शिक्षण
5. अंग्रेजी शिक्षण
6. गणित शिक्षण
7. पर्यावरण अध्ययन शिक्षण (विज्ञान)
8. पर्यावरण अध्ययन शिक्षण, (समाजिक विज्ञान)
9. कार्य-अनुभव शिक्षण
10. कला शिक्षा शिक्षण
11. क्रियात्मक/क्षेत्रीय कार्य

1990-91

इन मार्गदर्शी सिद्धान्तों का सुझाव दिया गया है, अभी इन्हें निर्धारित नही किया गया। प्रतिपुष्टि प्राप्त होने के पश्चात् पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या मार्गदर्शी सिद्धान्त और पाठ्य विवरणों के दस्तावेजों को मुद्रण के लिए अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

अ.शि.वि.शि.वि.से. विभाग ने "माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विधालयो अध्यापकों के लिए सेवाकालीन शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए शिक्षण-क्षेत्र में पाठ्यक्रम रूपरेखा और मार्गदर्शी सिद्धान्तों का विकास" परियोजना आरंभ की है। राज्य शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली के सहयोग से माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अध्यापकों के लिए पाँच सेवाकालीन शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विभाग ने राज्य शै.अ.प्र.प. के संवर्द्धन पर एक उपागम-पत्र तैयार किया है। यह पत्र मुख्यतः राज्य शै.अ.प्र.प. के सर्वेक्षणों और राज्य शै. अ. प्र. प. के निदेशकों के बीच विचार-विमर्श पर आधारित है।

13 से 14 नवम्बर 1990 तक अ.शि.वि.शि.वि.से. विभाग ने "अध्यापक शिक्षा में अनुसंधान के क्षेत्रों की पहचान" पर एक दो दिवसीय सगोष्ठी का आयोजन किया।

भारतीय शिक्षा पर विश्वकोष तैयार करना

रा.शै.अ.प्र.प. ने भारतीय शिक्षा पर विश्वकोष तैयार करने के संबंध में 27 से 29 अगस्त 1990 तक रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली में सलाहकार समिति की तीसरी बैठक का आयोजन किया। समिति ने संकल्पनात्मक लेखकों के लिए रूपरेखा वाले ड्राफ्ट, ब्लूप्रिंट, रचनाओं के शीर्षकों और मार्गदर्शन को अन्तिम रूप दिया। परियोजना के प्रभावी संचालन के लिए कुछ प्रचालन कार्य-पद्धतियों पर भी विचार-विमर्श किया।

अध्यापक-शिक्षा की पुनः संरचना और पुनर्गठन पर केन्द्रीय प्रायोजित योजना को शैक्षिक सहायता

रा.शै.अ.प्र.प. केन्द्रीय प्रायोजित अध्यापक शिक्षा की पुनः संरचना और पुनर्गठन योजना के कार्यन्वयन में मा.सं.वि.म. और राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को तकनीकी सहायता देती आ रही है। विधालय-अध्यापकों का सामूहिक अभिविन्यास कार्यक्रम (पी.एम.ओ.एस.टी.) के प्रभाव का एक राष्ट्रीय मूल्यांकन अध्ययन विश्वभारती (शान्ति निकेतन), एन.ई.एच.यू. मिजोरम, क्षे.शि.म. भुवनेश्वर, क्षे.शि.म. मैसूर और पाडिचेरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया। मूल्यांकन अध्ययनों की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों की प्रगति रिपोर्ट

जि.शि.प्र.सं. के प्राचार्यों के लिए प्रस्तावित प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम की कार्यपद्धतियों और कार्यनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए 3 से 5 सितम्बर 1990 तक रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली में एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में रा.शि.सं., क्षे.शि.म. और नीपा के संकाय सदस्यों और प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें माड्यूल लिखने, उनकी संख्या, शीर्षक और कार्यनीतियों पर विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया। इन माड्यूलों को जि.शि.प्र.सं. के प्राचार्यों के लिए प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रयोग किया जाएगा।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई.)

रा.शै.अ.प्र.प., अन्य बातों के साथ-साथ, राष्ट्रीय अध्ययन परिषद् के लिए एक सचिवालय के रूप में भी कार्य करती है। अ.शि.वि.शि.वि.से. विभाग ने अध्यापक - शिक्षकों के लिए मूल्य शिक्षा पर पुस्तिका के विकास के लिए एक कार्यशाला 6 से 11 अगस्त 1990 तक आयोजित की। इसके अतिरिक्त, रा. अ. शि. प. की समितियों की विभिन्न बैठकें की गई। रा.अ.शि.सं. की माध्यमिक और महाविद्यालय अध्यापक शिक्षा समिति की 24 वीं बैठक 4 फरवरी, 1991 को और विद्यालय-पूर्व और प्रारम्भिक अध्यापक शिक्षा समिति की 12 वीं बैठक 7 फरवरी 1991 को हुई।

1990-91

रा.अ.शि.सं. की विशेष अध्यापक शिक्षा की 11 वीं बैठक 6 अप्रैल, 1991 को हुई।

अ.शि.वि.शि.वि.से. विभाग ने रा.अ.शि. बुलेटिन के प्रकाशन का कार्य जारी रखा। यह अध्यापक शिक्षा में लगे व्यावसायिकों और संस्थानों के बीच संप्रेषण का एक माध्यम स्थापित करने के लिए आन्तरिक त्रैमासिक पत्रिका है।

अ.शि.वि.शि.वि.से. विभाग द्वारा 1990-91 में की गई कार्यशालाओं/बैठकों का विवरण तालिका 9.1 में दिया गया है।

तालिका 9.1

1990-91 के दौरान अ.शि.वि.शि.वि.से. विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रम और संगोष्ठियाँ

क्रमांक	*कार्यक्रमों के शीर्षक*	*दिनांक*	*स्थान*
1.	भारतीय शिक्षा में विश्व कोष तैयार करना	20 से 22 अप्रैल, 1990	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली
2.	केरल में शैक्षिक नवाचारों की योजना बनाने पर कार्यशाला	27 से 29 अगस्त, 1990 और 18 से 20 मार्च, 1991	मित्रानिकेतन (केरल)
3.	राज्य शै.अ.प्र.प./राज्य शैक्षिक संस्थान के निदेशकों का वार्षिक सम्मेलन	7 से 9 मई, 1990	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली
4.	सैनिक विद्यालयों के अध्यापकों के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम	30 अप्रैल से 19 मई, 1990	क्षे.शि.म. अजमेर
5.	भारतीय रेलवे के विद्यालय अध्यापकों के मार्गदर्शन के लिए संसाधन व्यक्तियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम	4 से 10 जून, 1990	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली
6.	प्रारम्भिक अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या कार्यशाला	10 से 14 सितम्बर 1990	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली
7.	जि.शि.प्र.सं. के प्राचार्यों के लिए प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम-पाठ्यक्रम रूपरेखा का विकास	3 से 5 सितम्बर 1990	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली
8.	माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर के सेवाकालीन अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रमों के शिक्षण- क्षेत्र में पाठ्यक्रम रूपरेखा और मार्गदर्शी सिद्धान्त तैयार करने पर उत्पादन कार्यशाला	9 से 13 अक्तूबर 1990	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली

1990-91

क्रमांक	कार्यक्रमों के शीर्षक	दिनांक	स्थान
9.	अध्यापक शिक्षा में अनुसंधान के क्षेत्रों का चयन पर संगोष्ठी	14 नवम्बर, 1990	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली
10.	माध्यमिक अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या कार्यशाला	15 से 16 नवम्बर 1990	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली
11.	चारों क्षे.शि.म. में जिला शि.प्र.सं. के संकाय सदस्यों के लिए प्रवेश-प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	नवम्बर, 1990 से जनवरी, 1991	क्षे.शि.म. अजमेर क्षे.शि.म. भुवनेश्वर क्षे.शि.म. भोपाल क्षे.शि.म. मैसूर
12.	जिला शि.प्र.सं. के प्राचार्यों के लिए प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम	21 जनवरी से 9 फरवरी, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली
13.	प्राथमिक स्तर पर पाठ्यविवरण के अध्यापन के लिए बाल केन्द्रित उपागम को स्पष्ट करने के लिए शिक्षण मॉडलों का अनुकूलन	6 से 8 अक्तूबर 1991	इन्दौर
14.	अध्यापक शिक्षकों के लिए मूल्य शिक्षा में पुस्तिका का विकास	6 से 11 अगस्त, 1990	क्षे. शि.म. मैसूर
15.	रा.अ.शि.प. की माध्यमिक विद्यालय और महाविद्यालय अध्यापक शिक्षा समिति की 15 वीं बैठक	4 फरवरी, 1991 नई दिल्ली	रा.शै.अ.प्र.प.
16.	रा.अ.शि.प. की विशेष शिक्षा समिति की 11 वीं बैठक	6 फरवरी, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली
17.	रा.अ.शि.प. की विद्यालय-पूर्व और प्रारम्भिक अध्यापक शिक्षा समिति की 12 वीं बैठक	7 फरवरी, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली

विकलांगों के लिए शिक्षा

"सभी के लिए शिक्षा" का लक्ष्य रखकर सुविधाओं से वंचित विशेष समूह को शैक्षिक सुविधाऐं उपलब्ध कराने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. ने प्राथमिकता दी। अ.शि.वि.शि.वि.से. विभाग ने सामान्य शिक्षा प्रणाली में विकलांग बच्चों को उनके समकक्ष गैर-विकलांग बच्चों के साथ शिक्षा देने के विशेष प्रयत्न किए हैं। कार्यक्रमों और कार्यकलापों का मुख्य केन्द बिन्दु संगठनात्मक सहयोग प्रदान करके विशेष कक्षा में बच्चों की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सामान्य शिक्षकों की क्षमता में वृद्धि करना, पाठ्यविवरण का अनुकूलन और समायोजन तथा विशेष आवश्यकताओं के शिक्षण के लिए अनुदेशी सामग्री का विकास करना, विकलांग बच्चों को विद्यालय में लाने और वहाँ उनकी शिक्षा को जारी रखने के लिए समुदाय और अभिभावकों से संपर्क स्थापित करना और विकलांग बच्चों की शिक्षा के लिए योजनाओं के नीति-निरूपण और कार्यन्वयन में मा.सं.वि.मं. और भारत सरकार के संबंधित विभागों को सहयोग देकर सामान्य विद्यालयों में विकलांग बच्चों को संगठित करने के लिए विशेष कार्यपद्धतियों का विकास करना रहा है। राज्य सरकारों को भी इस क्षेत्र में योजना बनाने और कार्यक्रमों का प्रबन्ध करने में सहायता दी गई। अ.शि.वि.शि.से.वि. ने यूनिसेफ जैसे अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ भी सहयोगात्मक परियोजनाओं और कार्यकलापों को आरंभ किया।

अनुसंधान और विकास

रिपोर्ट की अवधि के दौरान निम्नलिखित अनुसंधान कार्य किए गए:

विकलांग बच्चों की संघटित शिक्षा परियोजना के कार्यान्वियन का मूल्यांकन

मा.सं.वि.मं. के अनुरोध पर 1990 के दौरान विकलांग बच्चों की शिक्षा योजना के कार्यान्वियन का मूल्यांकन किया गया और सभी प्रकार की उपलब्धियों पर एक प्रारम्भिक रिपोर्ट तैयार की गई। बिहार, हरियाणा, केरल, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मिज़ोरम, नागालैण्ड, उड़ीसा, उत्तर-प्रदेश और राजस्थान पर सूक्ष्म विश्लेषण किया गया और रिर्पोट तैयार की गई। सूक्ष्म विश्लेषण में विकलांग बच्चों की शिक्षा योजना के कार्यान्वियन में सामाजिक एकता एवं सांस्थानिक ढांचे को भी सम्मिलित किया गया है।

प्रारम्भिक पहचान और मध्यस्थता कार्यक्रमों के लिए आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण की व्यवहार्यता

मिजोरम में विकलांगों की प्रारम्भिक पहचान और मध्यस्थता के लिए आँगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने और इस कार्य में उन्हें लगाने की व्यवहार्यता के निर्धारण के लिए एक अध्ययन किया गया। प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार करके प्रभाव का अध्ययन किया गया।

कक्षा में विशेष आवश्यकताओं के लिए अध्यापक शिक्षा संसाधन पैक की सार्थकता

कक्षा में विशेष आवश्यकताओं के लिए अध्यापक शिक्षा संसाधन पैक की जांच अध्यापक प्रशिक्षकों, सेवा-पूर्व और सेवारत अध्यापकों के साथ मिलकर की गई। गुणवत्ता और गुणवत्ता विश्लेषण दोनों से पता लगा है कि इससे समान्य विद्यालयों में विकलांग बच्चों की शिक्षा के प्रति प्रतिभागियों की अभिवृत्ति में बदलाव आएगा। अध्यापकों पर प्रशिक्षण का सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कुछ नीतिगत और संसाधन बाध्यताएं होने के बावजूद सेवारत अध्यापकों में बच्चों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं (विकलांग सहित) को समझने की कुशलता होनी चाहिए।

कम दृष्टि वाले बच्चों के लिए पुस्तिका का विकास

कम दृष्टि वाले बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु अध्यापकों के लिए एक पुस्तिका तैयार की गई। इस पुस्तक में कम दृष्टि वाले बच्चों की कार्य क्षमता का निर्धारण, दृष्टि दक्षता

1990-91

प्रशिक्षण, विशेष साधन, उनके अनुदेश के लिए उपकरण और सामग्री और कक्षा प्रबन्ध दिए गए हैं। इस पुस्तिका में गैर-तकनीकी भाषा का प्रयोग किया गया है अतः इस प्रकार के बच्चों को सहायता देने के लिए अभिभावक भी इसका प्रयोग कर सकते हैं।

सीखने में असमर्थ विकलांग बच्चों की प्रारम्भिक पहचान के लिए दिशानिर्देशों का विकास

पाँच कार्यरत अध्यापकों सहित 19 प्रतिभागियों की एक कार्यशाला में सीखने में असमर्थ विकलांग बच्चों की प्रारम्भिक पहचान की सम्भावना पर विचार किया गया और अध्यापकों के लिए दिशानिर्देश तैयार किए गए। इन दिशानिर्देशों पर एक पुस्तिका तैयार की जा रही है।

कम्प्यूटर की सहायता से पठन-पाठन के लिए विशेष आवश्यकता कार्यक्रमों का विकास (कॉल्ट)

इलेक्ट्रॉनिकी विभाग द्वारा वित्तपोषित प्रौद्योगिकी विकास परियोजना के अन्तर्गत विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए 12 कार्यक्रम आलेख तैयार किए गए। इन कार्यक्रमों की अंतर्शास्त्रीय विशेषज्ञ समूह द्वारा समीक्षा करवाई गई। इन कार्यक्रमों पर अब सॉफ्टवेयर तैयार किए जा रहे हैं।

विशेष आवश्यकताओं पर वीडियो कार्यक्रमों का विकास

टेली-विद्यालय परियोजना और पी.आई.ई.डी. परियोजना के लिए "लर्निंग टूगेदर", "कोपरेटिव लर्निंग बेस्ड एप्रोच", "साथ-साथ" और "शुरू से शुरूआत" शीर्षकों पर कार्यक्रम के लिए आलेख तैयार किए गए।

संसाधन कक्ष के संगठन के लिए पुस्तिका का विकास

विकलांग बच्चों की संघटित शिक्षा योजना के अन्तर्गत संसाधन कक्ष की व्यवस्था करने के लिए संस्थान के अध्यक्षों और संसाधन अध्यापकों के लिए पुस्तिका तैयार की गई। इस पुस्तिका में सामान्य विद्यालयों में विकलांग बच्चों की शिक्षा को प्रभावी सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न संगठनात्मक योजनाओं, संसाधन अध्यापकों की भूमिका और कार्य तथा संसाधन कक्ष के लिए आवश्यक साधनों और उपकरणओं का संक्षिप्त वर्णन दिया गया है।

पाठ्य विवरण आधारित मूल्यांकन सामग्री का विकास

रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा पिछले वर्ष आयोजित कार्यशाला में तैयार किया गया प्रोटोटाइप पाठ्यविवरण आधारित मूल्यांकन सामग्री, क्षेत्रीय भाषा में पाठ्यचर्या आधारित मूल्यांकन सामग्री विकसित करने के लिए एक मॉडल बनाया गया जिसे तमिलनाडु, हरियाणा, महाराष्ट्र और उड़ीसा के राज्य शै.अ.प्र.प. के सहयोग से विकिसित किया गया। यह सामग्री भाषा, विज्ञान, गणित और सामाजिक अध्ययन के पाठ्यविवरण में विकसित की गई। नागालैंड राज्य ने अंगामिस में आई.ई.डी. के लिए दिशानिर्देश तैयार किए। मिजोरम राज्य ने बच्चों को उनके समकक्ष बच्चों के साथ-साथ सीखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए क्रियात्मक गीत तैयार किए।

विकलांगों के लिए कम लागत के खिलौनों की रूपरेखा

विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए नवाचार खिलौनों के डिज़ाइन बनाने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. की एक प्रदर्शनी एवं कार्यशाला राजस्थान और हरियाणा में लगाई गई। इसमें सीखने में असमर्थ विकलांग, दृष्टि दोषग्रस्त और श्रवण विकार ग्रस्त बच्चों के लिए अनेक खिलौने बनाए गए और रा.शै.अ.प्र.प. के कर्मशाला विभाग को इनके आद्यरूप विकसित करने के लिए भेजा गया।

अ.शि.वि.शि.वि.से. विभाग द्वारा आयोजित कार्यशालाओं का विस्तृत विवरण तालिक 9.2 में दिया गया है:

तालिका 9.2

1990-91 के दौरान अ.शि.वि.शि.वि.स. विभाग द्वारा विकलागों की शिक्षा से संबद्ध आयोजित की गई कार्यशालाएं :

कार्यक्रमों का शीर्षक	*अवधि*	*स्थान*	*प्रतिभागियों की संख्या*
मुख्यालय			
सीखने में असमर्थ विकलागों की प्रारम्भिक पहचान पर कार्यकारी समूह का बैठक	2 दिन	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	12
कम दृष्टि के बच्चों की शिक्षा पर पुस्तिका का विकास	2 दिन	एन.आई.बी.एच. देहरादून	5
कार्यात्मक निर्धारण पर वीडियो कार्यक्रम का विकास	1 दिन	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	12
राज्य			
पाठ्यचर्या आधारित परीक्षा मदों के विकास के लिए कार्यशाला (हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा)	3 दिन	राज्य शै.अ.प्र.प.	216
विकलांग बच्चों के लिए कम लागत के खिलौने के विकास के लिए कार्यशाला (हरियाणा और राजस्थान)	3 दिन	राज्य शै.अ.प्र.प.	26
समर्थन सामग्री के विकास के लिए कार्यशाला मध्यप्रदेश और राजस्थान)	5 दिन	क्षेत्र संसाधन केन्द्र	42
अभिनय गीत तैयार करने के लिए कार्यशाला (मिजोरम)	4 दिन	राज्य शै.अ.प्र.प. एजॉल	126
स्थानीय भाषा में दिशानिर्देश तैयार करने के लिए कार्यशाला (नागालैंड)	2 दिन	क्षेत्र संसाधन केन्द्र	67
कक्षा 3, 4 और 5 के लिए सभी विषयों में तमिल भाषा में दिशानिर्देशों के विकास के लिए कार्यशाला (तमिलनाडु)	4 दिन	क्षेत्र संसाधन	36

1990-91

विकलांगों के लिए संघटित शिक्षा परियोजना (पी.आई.ई.डी.) पर परिवीक्षण और प्रतिपुष्टि

पिछले दो वर्षों से चल रही इस यूनिसेफ-सहायता प्राप्त परियोजना का उद्देश्य विकलांग बच्चों की प्राथमिक शिक्षा के व्यापीकरण के लिए संदर्भित विशेष सामग्रियों का विकास करना है। विभिन्न राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में परियोजना की प्रगति की जांच के लिए मुख्यालय में दो समीक्षा एवं योजना समितियाँ आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त, राज्य स्तर पर एक समन्वयन समिति की बैठक की गई और खण्ड स्तर पर त्रैमासिक समीक्षा की गई। इस प्रकार यूनिसेफ योजना 1990-95 के लिए सूक्ष्म स्तर पर योजना बनाई गई, इसे केन्द्र स्तर से खण्ड और राज्य स्तरों के माध्यम से उप क्षेत्र में आरम्भ किया गया।

समीक्षा और योजना बैठक (मुख्यालय)

विकलांगों के लिए संघटित शिक्षा परियोजना की मध्य-वर्षीय समीक्षा बैठक 12 और 13 जून 1990 को रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली में आयोजित की गई, इसमें 30 परियोजना कार्मिकों (प्रत्येक राज्य से कम से कम दो) ने भाग लिया। मा.सं.वि.म., यूनिसेफ, कल्याण मंत्रालय और रा.शै.अ.प्र.प. ने भी इस बैठक में भाग लिया। राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों की उपलब्धियों की समीक्षा की गई। परियोजना के कार्यान्वियन के दौरान किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ा और संबंधित अभिकरण/संगठनों ने क्या कार्रवाई की, उसका विवरण दिया गया। परिणाम स्वरूप अनुवर्ती कार्रवाईयों से कार्यान्वियन की गति को बढ़ाने में सहायता मिली। दूसरी समीक्षा और योजना बैठक दिनांक 7 से 9 जनवरी, 1991 को रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रत्येक राज्य में परियोजना की प्रगति को 1987 के इसके प्रारम्भ से प्रलेखित किया गया। 1991 के लिए और 1990-95 की अवधि के लिए कार्रवाई योजना तैयार की गई।

राज्य समन्वयन समिति की बैठकें हरियाणा, महाराष्ट्र, मिजोरम, उड़ीसा और राजस्थान में आयोजित हुई। त्रैमासिक समीक्षा बैठकें हरियाणा, मध्य-प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, नागालैंड, उड़ीसा, राजस्थान और तमिलनाडु में आयोजित की गई।

प्रशिक्षण/मार्गदर्शन/विस्तार कार्यक्रम

विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण कार्यक्रम रा.शै.अ.प्र.प. मुख्यालय, क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों, राज्य शै.अ.प्र.प. और परियोजना क्षेत्रों में आयोजित किए गए। मुख्यालय के संकाय ने सभी स्तरों पर अभिकल्पना और शिक्षण सहायता प्रदान की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए लक्ष्य समूह विशेष शिक्षा विभाग/एकक के विश्वविद्यालय संकाय, राज्य शै.अ.प्र.प., गैर-सरकारी संगठन और अध्यापक थे। विकलांग बच्चों की प्रारम्भिक पहचान और प्रारम्भिक मध्यस्थता के माध्यम से परियोजना के समर्थन में आँगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं के लिए प्रायोगिक आधार पर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। समुदाय सदस्यों के लिए संवर्द्धन कार्यक्रमों और अभिभावकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने का अनुभव प्राप्त करने के लिए परियोजना के क्षेत्र में अभिभावकों को सम्मिलित करने के लिए भी कार्यक्रम किए गए। इन कार्यक्रमों के संबंध में विशेष सूचना तालिका 9.3 में दी गई है।

तालिका 9.3

वर्ष 1990-91 के दौरान विकलांगों के लिए संगठित शिक्षा परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

शीर्षक	अवधि	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
मुख्यालय			
मिज़ोरम में स्थानीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	एक सप्ताह	खाझावल खण्ड	9
पी.आई.ई.डी. के अन्तर्गत ऑगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण	चार सप्ताह	राज्य शै.अ.प्र.प. मिजोरम	41
विशेष शिक्षा में उभरती प्रकृतियों पर विश्वविद्यालयों संकाय के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	दो सप्ताह	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	29
पी.आई.ई.डी. के अन्तर्गत परियोजना दल का प्रशिक्षण	दो सप्ताह	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	14
सूक्ष्म कम्प्यूटर के प्रयोग और विशेष शिक्षा विशेष शिक्षा में इसके उपयोग में विशेष अध्यापकों को प्रशिक्षण	दो सप्ताह	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	15
विशेष शिक्षा में बहुवर्गीय प्रशिक्षण	दस सप्ताह	क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय	50
राज्य			
स्तर-I अध्यापकों को प्रशिक्षण (हरियाणा, महाराष्ट्र नागालैंड, उड़ीसा, दिल्ली)	एक सप्ताह	क्षेत्र संसाधन केन्द्र	1003
स्तर-II अध्यापकों को प्रशिक्षण का मार्गदर्शन (तमिलनाडु, दिल्ली)	छह सप्ताह	राज्य शै..अ.प्र.प.	101
संस्थानों के अध्यक्षों और पर्यवेक्षकों का मार्गदर्शन (तमिलनाडु, दिल्ली)	तीन दिन	राज्य शै.अ.प्र.प. और सेवाकालीन प्रशिक्षण संस्थान	101

1990-91

शीर्षक	अवधि	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
अभिभावक संपर्क कार्यक्रम (हरियाणा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, उड़ीसा राजस्थान, तमिलनाडु)	एक दिन	क्षेत्र और उप-क्षेत्र संसाधन केन्द्र	3271
समुदाय संपर्क कार्यक्रम (हरियाणा, मध्यप्रदेश, मिजोरम, नागालैंड, राजस्थान)	एक दिन	क्षेत्र और उप-क्षेत्र संसाधन केन्द्र	4494

स्थानीय अध्ययन कार्यक्रम

विकलांगों के लिए संघटित शिक्षा कार्यक्रम परियोजना के क्षेत्र के विशिष्ट संदर्भ हैं और इसके प्रत्येक प्रतिभागी राज्य ने परियोजना के कार्यान्वियन की कार्यनीति को स्थान विशेष की परिस्थितियों के अनुरूप तैयार किया है। परियोजना दल को मौके पर प्रदर्शन और विकलांग बच्चों के संघटन के पर्यवेक्षण द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में पी.आई.ई.डी. के कार्यान्वियन का अध्ययन करने का अवसर दिया जाता है। इस संदर्भ में महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, उड़ीसा और नागालैंड के दलों को मिज़ोरम के मौके पर अनुभव प्राप्त करने का अवसर दिया गया।

विश्वविद्यालय संकाय और प्रमुख व्यक्तियों को प्रशिक्षण

14 विश्वविद्यालयों में विशेष शिक्षा विभाग/एकक स्थापित किए गए। अनेक विश्वविद्यालयों में सामान्य अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष शिक्षा पर पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए गए हैं। केन्द्र द्वारा प्रायोजित अध्यापक शिक्षा योजना के अन्तर्गत उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थानों और अध्यापक शिक्षा महाविद्यालयों को भी विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम आरम्भ करने चाहिए। रा.शै.अ.प्र.प. में इन संस्थानों के संकाय, राज्य शै.अ.प्र.प. और गैर-सरकारी संगठनों के लिए दो सप्ताह का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 29 अध्यापकों ने भाग लिया।

सूक्ष्म कम्प्यूटर के प्रयोग में विशेष अध्यापकों को प्रशिक्षण

क्लास परियोजना और कुछ अन्य परियोजनाओं के अन्तर्गत सामान्य और विशेष संस्थानों को सूक्ष्म कम्प्यूटर और पी.सी. उपलब्ध करवाए गए। विकलांग बच्चों को कम्प्यूटर सुविधाओं के प्रयोग का अवसर देने के लिए, जहाँ उपलब्ध हैं, विशेष विद्यालयों में कार्यरत विशेष अध्यापकों और सामान्य विद्यालयों के संसाधन अध्यापकों के लिए दो सप्ताह का एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पंद्रह अध्यापकों ने भाग लिया।

विशेष शिक्षा में बहुवर्गीय प्रशिक्षण

परियोजना क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालयों के उप क्षेत्रीय संसाधन केन्द्र के अध्यापकों के लिए बहुवर्गीय प्रशिक्षण की आवश्यकता है। ये अध्यापक विशेष कौशलों जैसे ब्रेल पठन, लेखन, अभिविन्यास और गतिशीलता, भाषा और भाषण तथा बच्चों के दैनिक जीवन की कुशलता में प्रशिक्षण देते हैं। वे सामान्य अध्यापकों और अभिभावकों को उनके क्षेत्र में सहायता भी प्रदान करते हैं। एक-एक वर्षीय बहुवर्गीय प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय अजमेर, भोपाल और भुवनेश्वर में आयोजित किया गया।

मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के अभिभावकों के लिए टेली-विद्यालय

"मानसिक विकलांगों का राष्ट्रीय संस्थान" (एन.आई.एम.एच.) के

सहयोग और कल्याण मंत्रालय के "विकलांगों के लिए प्रौद्योगिकी मिशन" की सहायता से मार्च 1990 में विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर विकलांगों के अभिभावकों के लिए टेली-विद्यालय आरम्भ किया गया। 15-20 मिनट के इस टेली-विद्यालय कार्यक्रम को हिन्दी, मराठी, गुजराती, उड़िया और तेलुगू में प्रत्येक पंद्रह दिन पर प्रसारित किया जाता है। रा.शै.अ.प्र.प. के केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान क्रियात्मक पहलुओं पर कार्यक्रम का निर्माण करता है और उन्हें विभिन्न भाषाओं में डब करता है। अन्य संगठनों द्वारा निर्मित टेली-विद्यालय कार्यक्रम का प्रसारण और समन्वयन रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा किया जाता है। एन.आई.एम.एच. दर्शकों को प्रोत्साहन प्रदान करता है। रा.शै.अ.प्र.प. में टेली-विद्यालय के लिए दो योजना बैठकें और वीडियो कार्यक्रमों के निर्माण की कार्य पद्धतियों पर कार्य करने के लिए दो बैठकों का आयोजन किया, जिसमें 35 विशेषज्ञों ने भाग लिया।

प्रचार-प्रसार

विशेष शिक्षा के क्षेत्र में रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा विकसित अनुदेशी सामग्री राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के सभी विकलांगों के लिए संघटित शिक्षा प्रकोष्ठों जैसे राष्ट्रीय विकलांग संस्थान और उनके क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों, अध्यापक शिक्षा और प्रशिक्षण महाविद्यालयों, गैर-सरकारी संगठनों और एक हजार से अधिक विद्यालयों को प्रदान की गई। अभिभावकों और समुदाय सदस्यों को समर्थन सामग्री भी प्रदान की गई। राज्य शै.अ.प्र.प., क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों, और विकलांग बच्चों के लिए कार्य करने वाले चयनित गैर-सरकारी संगठनों को प्रशिक्षण और समर्थन कार्यक्रमों में प्रयोगार्थ संघटित शिक्षा पर वीडियो कार्यक्रमों की प्रतियाँ तथा "विकलांगों के लिए सृजनात्मक कला" पर एक टेप-स्लाइड दी गई। यूनेस्को, यूनिसेफ, विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसे अन्तर्राष्ट्रीय अभिकरणों और अन्य गैर सरकारी संगठों को भी यह सामग्री दी गई। इस सामग्री को मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से सार्क देशों को भी भेजा गया।

समर्थन और परामर्श

रा.शै.अ.प्र.प. राष्ट्रीय स्तर के सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों को समर्थन और परामर्श प्रदान करती है। वर्ष 1990-91 के दौरान अ.शि.वि.शि.वि.से. विभाग ने निम्नलिखित को समर्थन और परामर्श दियाः

- मा.सं.वि.म. को विकलांग बच्चों के लिए संघटित शिक्षा योजना की जाँच मूल्यांकन और समीक्षा में।
- कल्याण मंत्रालय को विशेष विद्यालयों की पुनःसंरचना के लिए योजना विकसित करने में।
- इलेक्ट्रॉनिकी विभाग को बी.एड. और एम.एड. के लिए कम्प्यूटर प्रयोग पाठ्यक्रम विकास और विशेष शिक्षा में इसके उपयोग में।
- विशेष शिक्षा के महत्व के विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) के कार्यान्वियन की समीक्षा के लिए भारत सरकार द्वारा स्थापित आचार्य राममूर्ति समिति।
- विशेष शिक्षा में पाठ्यचर्या तैयार करने तथा उसे मान्यता प्रदान करवाने के लिए पुनर्वास परिषद्।
- राष्ट्रीय विकलांग संस्थानों को प्रशिक्षण कार्यक्रम और अनुदेशी सामग्री के विकास पर परामर्श।
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया और एम.एस. विश्वविद्यालय बड़ौदा के शिक्षा विभागों में विशेष शिक्षा एकक स्थापित करने और पाठ्यचर्या के विकास में।
- लक्ष्मीबाई शिक्षा महाविद्यालय, ग्वालियर को मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के अध्यापकों के लिए बच्चों को खेलकूद सिखाने के लिए एक पाठ्यक्रम की रूपरेखा बनाने में।
- नीपा और एन.आई.पी.सी.सी.ओ. को इस क्षेत्र में प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों में।

1990-91

– पश्चिमी बंगाल, पंजाब, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा, गोआ, उत्तर-प्रदेश, मिज़ोरम और नागालैंड राज्यों के शिक्षा विभागों को विकलांग बच्चों के लिए संघटित शिक्षा के कार्यान्वियन में योजनाएं विकसित करने के लिए। गैर सरकारी संगठनों—जैसे नेशनल एसोसिएशन फॉर दी ब्लाईन्ड, "सेवा" इन एक्शन, नेशनल सोसाइटी फॉर दी प्रीवेनशन ऑफ ब्लाईडनेस, दि रामा कृष्णा मिशन, नरेन्द्रपुर, दि ब्लाईन्ड रिलीफ एसोसिएशन, दिल्ली, दि रॉयल कॉमनवेल्थ सोसाइटी फॉर दि ब्लाईड, नेशनल एसोसिएशन फॉर इक्वल एजुकेशन ऑपरच्यूनिटी फौर दि हैंडिकेप्ड को शिक्षा के विकास और विकलांग बच्चों के लिए पुर्नवास कार्यक्रमों में परामर्श प्रदान किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर यूनेस्कों को कक्षा में आवश्यकताओं पर अध्यापक शिक्षा संसाधन पैक के विकास के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की गई। यूनिसेफ को विकलांगता पर मिलकर कार्य करने पर बैंगलूर में आयोजित कार्यशाला में तकनीकी सहायता दी गई। नेशनल काउंसिल ऑफ एक्सेपशनल चिल्ड्रन (यू.के.) को विकासशील देशों में सभी विकलांग बच्चों की शिक्षा के लिए कार्यक्रम के कार्यान्वियन के लिए एक डिजाइन मॉडल प्रदान किया गया जिसे इन्टरनेशनल स्पेशल एजूकेशन कॉंग्रेस कार्डिफ (यू.के.) में मूल विचार के रूप में प्रस्तुत किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन को विकलांगता पर अनुदेशी सामग्री के विकास पर हैदराबाद में आयोजित कार्यशाला में संसाधन सहायता दी गई। इन्टरनेशनल लीग ऑफ सोसाइटीज फॉर मेन्टली हैण्डीकेपृड (यू.के.) को मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के एकीकरण के लिए सहायता दी गई।

प्रकाशन

मुद्रित सामग्री

1. फक्शनल असेसमेन्ट गाइड, 1990 (अंग्रेजी)
2. चिल्ड्रन विद सीइंग प्रोबलम्स, फोकस ऑन रिमेइनिंग साइट (अंग्रेजी)
3. कार्यात्मक निर्धारण संदर्शिका (हिन्दी) (मुद्रणालय में)
4. दृष्टि की समस्या वाले बच्चे : शेष दृष्टि पर केन्द्रबिन्दु (हिन्दी) (मुद्रणालय में)
5. ऑर्गनाइजेशन ऑफ रिसोर्स रूम (अंग्रेजी)

गैर मुद्रित सामग्री (वीडियो कार्यक्रम)

1. लर्निंग टुगेदर : कोऑपरेटिव लर्निंग बेसड एप्रोच (अंग्रेजी)
2. साथ-साथ (हिन्दी, मराठी, गुजराती, तेलुगू और उड़िया)
3. शुरू से शुरुआत (हिन्दी, मराठी, गुजराती, तेलुगू और उड़िया)

1990-91

दस

क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय

सेवा-पूर्व अध्यापक-शिक्षा के नवाचार कार्यक्रमों को विकसित करना रा.शै.अ.प्र.प. का एक मुख्य कार्य है। क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (क्षे.शि.म.) विद्यालय-शिक्षा और अध्यापक-शिक्षा के विभिन्न पहलुओं से संबंधित अनुसंधान अध्ययन, अध्यापक-शिक्षकों, अध्यापकों और प्रशिक्षु-अध्यापकों के प्रयोग के लिए अनुदेशात्मक सामग्री के विकास, और विद्यालय-शिक्षा और अध्यापक-शिक्षा के गुणात्मक विकास के लिए प्रशिक्षण और विस्तार कार्यकलाप करने में लगे हैं।

प्रत्येक क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय अपने अधिकार-क्षेत्र में आने वाले राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों की शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। अजमेर का क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्यों, तथा दिल्ली एवं चण्डीगढ़ संघशासित क्षेत्रों की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। भोपाल का क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय गोआ, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों, तथा दादर व नागर हवेली और दमन और दीव संघ शासित क्षेत्रों की शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैण्ड, उड़ीसा, सिक्किम, त्रिपुरा राज्य, और अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह संघ शासित क्षेत्र, क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय भुवनेश्वर के अन्तर्गत आते हैं, जबकि आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्यों तथा लक्षद्वीप और पाण्डिचेरी संघ शासित क्षेत्रों की आवश्यकताओं की पूर्ति क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, मैसूर द्वारा की जाती है।

क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, अजमेर

क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, अजमेर बी.एस.सी. (आनर्स/पास) बी.एड. डिग्री के लिए विज्ञान शिक्षा में चार वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम, विज्ञान/कृषि/वाणिज्य/भाषा (अंग्रेजी/हिन्दी/उर्दू) में विशेषज्ञता सहित बी.एड. डिग्री के लिए एक वर्षीय पाठ्यक्रम, और विज्ञान/वाणिज्य/भाषा में विशेषज्ञता सहित एक वर्षीय एम.एड. पाठ्यक्रम चलाता है।

नामांकन

क्षे.शि.म., अजमेर द्वारा वर्ष 1990-91 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों के नामांकन का ब्यौरा तालिका 10.1 में दिया गया है।

परीक्षाफल

क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, अजमेर द्वारा चलाए गए विभिन्न पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल तालिका 10.2 और 10.3 में दिए गए हैं

तालिका 10.1

1990-91 में क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, अजमेर में सेवा-पूर्व पाठ्यक्रमों का राज्यवार नामांकन

क्रमांक	पाठ्यक्रम	राजस्थान		उत्तर प्रदेश		हरियाणा		हिमाचल प्रदेश		पंजाब		दिल्ली		चंडीगढ़		जम्मू और कश्मीर		अ.जा.		अ.ज.जा.		सामान्य		कुल
		छा त्र	छा त्रा एं	छा त्र	छा त्रा एं	छा त्र	छा त्रा एं	छा त्र	छा त्रा एं	छा त्र	छा त्रा एं	छा त्र	छा त्रा एं	छा त्र	छा त्रा एं	छा त्र	छा त्रा एं	छा त्र	छा त्रा एं	छा त्र	छा त्रा एं	छा त्र	छा त्रा एं	छा
एक वर्षीय बी. एड																								
1.	विज्ञान	12	6	24	4	2	1	—	1	4	1	—	5	2	—	2	1	16	1	1	—	29	18	65
2.	कृषि	4	-	25	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	6	-	-	-	23		29
